नापजोख

अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर सर्वे टीम ने शुरू की नपाई

रक्षा मंत्रालय की जमीनों पर तान दिए बड़े भवन

अतिक्रमणकारियों के खेमे में मचा हड़कंप

नवभारत,जबलपुर। रक्षा मंत्रालय की जमीनों पर किए गए अवैध निर्माणों को चिह्नित करने का काम शुरू कर दिया गया है। इस काम ने रक्षा मंत्रालय की जमीनों पर बड़े-बड़े शोरूम तानने वाले संचालकों के खेमे में भी हड़कंप मचा दिया है। सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो से लगी हुई रक्षा मंत्रालय की जमीनों का सीमांकन शुरू कर दिया गया है जिसमें रक्षा संपदा विभाग (डीईओ) के अमले के साथ ही स्थानीय सैन्य प्रशासन, जिला प्रशासन और कैंट बोर्ड के अधिकारियों को शामिल किया गया है। इसी कड़ी में रक्षा संपदा विभाग के अधिकारियों का समूह गोकलपुर मार्केट पहुंचा जहां अमले द्वारा अतिक्रमणकारियों की दुकानों की नपाई शुरू की।

बताया जा रहा है कि ये पूरी जमीन रक्षा मंत्रालय की है और सर्वे का काम पूरा होने के बाद सारे अतिक्रमणकारियों को यहां से हटा दिया जाएगा। सर्वे टीम में जुड़े एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर नवभारत को बताया कि 1 माह के अंदर गोहलपुर सहित रक्षा मंत्रालय की अन्य जगह की जमीनों में जमे कब्जों को ढहा दिया जाएगा।

नहीं दिखा पाए संपत्ति से संबंधित दस्तावेज

जानकारी के अनुसार नपाई के दौरान सर्वे टीम ने जमीन पर काबिज व्यापारियों से संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों की मांग की तो उनके पास संपत्ति से संबंधित कोई कागजात नहीं मिले, इस दौरान उन्होंने सिर्फ कुछ टैक्स की रसीदें दिखाईं। जिससे ये तो साफ हो गया कि शासकीय जमीनों पर तगड़ी सेटिंग कर अवैध निर्माण तान लिए गए हैं।

प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशन पर 2 मिनट अतिरिक्त ठहराव

जबलपुर। प्रयागराज में माघ मेला 2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं तीर्थयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशन पर पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 14 ट्रेनों का 2 मिनट अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। ये ट्रेनें जनवरी एवं फरवरी 2026 के दौरान निर्धारित तिथियों में 02 मिनट अतिरिक्त ठहराव करेगी। 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, ठहराव अवधि 01 से 15 जनवरी , 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर एक्सप्रेस, ठहराव अवधि 01 से 15 जनवरी, 20934 दानापुर-उधना एक्सप्रेस, ठहराव अवधि : 04 से 15 जनवरी, 20933 उधना-दानापुर एक्सप्रेस, ठहराव अवधि : 03.01.26 से 14 फ़रवरी , 11034 दरभंगा -पुणे एक्सप्रेस, ठहराव अवधि : 02 से 13 फरवरी, 11033 पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस ठहराव अवधि : 13 एवं 20 फरवरी तक है।

यूपी-महाराष्ट्र से दो डकैतों को उठा लाई पुलिस

पिता-पुत्र पर हमला कर लूटे थे जेवरों से भरे थैले

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत सोनिया ज्वेलर्स के पीछे गली जयप्रकाश वार्ड पनागर कमानिया गेट के पास 16 दिसम्बर की रात्रि सोने चांदी के जेवरों से भरे थैले लूट कर भागे डकैतों में से दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी को यूपी तो दूसरे को महाराष्ट्र से पकड़ा गया है। जिन्हें शहर पुलिस शहर लेकर आ गई और न्यायालय में पेश कर रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है। लूटे गए माल और डकैती में शामिल अन्य आरोपियों को लेकर पूछताछ जारी है।

क्या है मामला

विदित हो कि जयप्रकाश वार्ड पनागर निवासी सुनील सोनी की विद्यासागर वार्ड में भूरा ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की दुकान हैं। 16 दिसम्बर की रात्रि जब वे दुकान बंद कर अपने बेटे के साथ बाइक से घर जा रहे थे तभी 6 आरोपी बाइकों से पहुंचे थे। बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाया था। कट्टे व हथौड़ी से सुनील और उनके बेटे संभव सोनी पर हमला कर दिया। इस दौरान दो आरोपी हमला कर रहे थे जबकि चार लोग तीन थैले जेवरों से भरे छुड़ाकर अपने हाथों में ले लिए थे इसके बाद सभी भाग गए थे।

पांच टीमें हुइ थी गठित, खंगाले थे ढाई हजार फुटेज

मामले में आरोपियों की संख्या 6 होने पर ड कैती की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। इसके साथ ही पांच टीमें भी गठित हुई थी जिन्हें अलग-अलग टॉस्क भी दिए गए। सीसीटीव्ही कैमरों को खंगालने से लेकर आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करने के साथ संदेहियों से पूछताछ हुई थी। करीब ढाई हजार से अधिक फुटेज खंगाले गए थे। इसके बाद पुलिस को अहम क्लू हाथ लगे थे।

ईनामी आरोपी ऐसे चढ़े हत्थे

आरोपियों की गिरफ्तारी पर दस-दस हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया था। पुलिस को जांच पड़ताल के दौरान अहम सुराग लगे जिसके बाद टीमें प्रदेश के बाहर रवाना हुई और जैसे-जैसे क्लू मिलते गए वैसे वैसे टीमों की जांच भी आगे बढ़ती गई। एक टीम यूपी तो दूसरी महाराष्ट्र रवाना रवाना हुई। प्रयागराज से दीपक तिवारी 38 वर्ष और नागपुर से गोविंद पांडे 32 वर्ष को दबोचा गया। जिन्हें शहर लाने के बाद पूछताछ की जा रही है।

रिश्वतखोर पुलिस आरक्षक को हाईकोर्ट ने भेजा जेल

जबलपुर। रिश्वत के आरोप में ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गयी सजा को हाईकोर्ट ने उचित ठहराते हुए पुलिस आरक्षक की अपील खारिज कर दी। हाईकोर्ट जस्टिस राजेन्द्र कुमार वाणी ने अपीलकर्ता का बेल बॉन्ड निरस्त करते हुए उसे जेल भेजने के आदेश जारी किये है। अपीलकर्ता विवेक साहू की तरफ से दायर की गयी याचिका में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत ट्रायल कोर्ट द्वारा चार साल की सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। वह शाहपुरा थाने में पुलिस आरक्षक के पद पर पदस्थ था। अपील में कहा गया था कि अभियोजन के अनुसार शिकायतकर्ता देवी सिंह के खिलाफ न्यायालय ने चेक बाउंस के मामले में गैर जमानती वारंट जारी किये था। प्रकरण में शिकायतकर्ता ने न्यायालय से जमानत करवा ली थी। इसके बावजूद भी अपीलकर्ता उसे गिरफ्तारी की धमकी देते हुए रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसकी शिकायत पीड़ित ने लोकायुक्त में की थी। लोकायुक्त ने अपीलकर्ता को दो हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था। ट्रायल कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए चार साल की सजा से दंडित किया था। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद ट्रायल कोर्ट के फैसले को उचित करार देते हुए अपील को खारिज कर दिया। एकलपीठ ने अपीलकर्ता के बेल बॉन्ड निरस्त करते हुए उसे हिरासत में लेते हुए जेल भेजने के आदेश जारी किये है।

धान मिलिंग में दोहरी नीति, अंतर-जिला धान परिवहन में नियम ताक पर

ओवरलोडिंग पर आंख मूंदे बैठा प्रशासन

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर में धान मिलिंग और परिवहन को लेकर शासन-प्रशासन की दोहरी नीति उजागर हो गई है। एक ओर जिले की राइस मिलों पर ओवरलोडिंग के नाम पर कार्रवाई और जांच चल रही है, वहीं दूसरी ओर अंतर-जिला धान भेजने वाले ट्रकों में खुलेआम क्षमता से अधिक धान लोड किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि गेट पास और कांटा पर्ची की पूरी जानकारी प्रशासन के पास होने के बावजूद कोई रोकथाम नहीं की जा रही। मंगलवार को जबलपुर से इंदौर भेजी गई धान की रैक की लोडिंग ट्रकों से की गई, जिसमें स्पष्ट रूप से ओवरलोडिंग हुई। इससे प्रशासन पर भेदभाव के आरोप भी लग रहे हैं। यदि शासन और प्रशासन नियमों को समान रूप से लागू करे और ओवरलोडिंग पर किसी को छूट न मिले, तो जिले को होने वाला आर्थिक नुकसान भी रुकेगा। वर्तमान हालात में नियमों की अनदेखी और दोहरी नीति से नुकसान की आशंका लगातार बढ़ रही है।

इंदौर में मिलिंग, जबलपुर को भारी चपत

वर्ष 2024-25 की खरीदी गई करीब 15 लाख क्विंटल धान अब भी जबलपुर के वेयरहाउस में रखी है। मिलिंग का काम जबलपुर के बजाय इंदौर और उज्जैन की मिलों को दिया गया है। करीब 1 लाख क्विंटल धान इंदौर पहुंचाने के लिए पांच मालगाड़ियों के फेरे लगाने पड़ेंगे। प्रत्येक फेरे पर रेलवे को 26 लाख रुपये का किराया देना होगा।

धान को वेयरहाउस से कछपुरा यार्ड, फिर इंदौर रेलवे यार्ड और वहां से मिल तक पहुंचाने में करीब 260 रुपये प्रति क्विंटल खर्च आ रहा है। यदि यही काम जबलपुर में होता तो नागरिक आपूर्ति निगम (नान) को करीब 2.6 करोड़ रुपये की बचत होती।

जांच में फंसे 43 मिलर काम बाहर की मिलों को

जबलपुर के 46 मिलरों में से 43 पर एफआईआर और जांच लंबित है। इनमें से करीब 27 मामलों में विभागीय जांच पिछले छह महीनों से अटकी हुई है। केवल तीन मिलर ही फिलहाल काम कर रहे हैं। इस बीच बाहर के जिलों के मिलरों को जबलपुर की धान की मिलिंग का काम दिया जा रहा है, जिस पर पहले भी सवाल उठ चुके हैं।

शॉन एलीजे होटल में बज रहे थे कानफाड़ू डीजे

जश्न की आड़ में हुड़दंग, पुलिस की रेड, प्रकरण दर्ज

जबलपुर। नव वर्ष के जश्न की आड़ में तिलवारा थाना अंतर्गत शॉन एलीजे होटल में हुड़दंग मची थी। देर रात कानफाड़ू डीजे बज रहे थे। पुलिस ने भनक लगते ही रेड मार दी। मौके पर अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने तेज आवाज में साउंड बाक्स बजाने वाले आपरेटर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया।

टीआई ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि शॉन एलीजे होटल में तेज साउण्ड से ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाया जा रहा है, सूचना पर शॉन एलीजे होटल में दबिश दी गई होटल के पीछे लॉन में लोग पार्टी करते हुये तेज डीजे साउण्ड में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते हुये रात लगभग 1 बजे ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते हुये तेज आवाज में साउण्ड बजा रहे थे साउण्ड आपरेटर भानूप्रताप सिंह 36 वर्ष निवासी लम्हेटा मोड़ सगड़ा तिलवारा से तेज ध्वनि में साउण्ड बजाने की अनुमति पूछने पर नहीं होना बताया, आरोपी साउण्ड आपरेटर के कब्जे से 2 बड़े साउण्ड, एक मिक्सर मशीन, 1 कार्डलेस माईक जप्त करते हुये आरोपी साउण्ड आपरेटर भानूप्रताप सिंह के खिलाफ मप्र कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

पिकनिक मनाने जा रहे थे, छोटा हाथी पलटा, दर्जन भर घायल

जबलपुर। कुंडम थाना अंतर्गत जैतपुरी गांव के पास गुरूवार को तेज रफ्तार छोटा हाथी अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दर्जनभर लोग घायल हो गए जिनमें से तीन को गंभीर चोटें आ गई। हादसे से मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसा उस वक्त हुआ जब सभी घायल पिकनिक मनाने के लिए खुदरी डैम जा रहे थे। कुंडम टीआई ने बताया कि आजाद नगर वार्ड रद्दी चौकी से छोटा हाथी क्रमांक एमपी 20 जीए 9127 में क्षमता से अधिक लोग सवार थे जो पिकनिक मनाने 20 लोग छोटा हाथी में सवार होकर खुदरी डैम जा रहे थे। गुरूवार दोपहर करीब एक बजे वह जैसे ही जैतपुरी गांव संता ढाबा के पास पहुंचे तभी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया।

वाहन के पलटने से मौके पर चीख पुकार मच गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घायलों में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल है। कुंडम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से तीन लोगों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

ये हुए घायल

हादसे में इन्हें आई चोटें अरबाज पिता शकील 22 वर्षीय निवासी मोतीनाला, बूढ़ी खेरमाई, इकरा पिता अंसार अहमद 11 वर्ष, हुमैरा पिता अंसार अहमद 7 वर्ष, इरशाद अहमद पिता शकील अहमद 38 वर्ष, रहीशा बी 60 वर्ष, सना परवीन पिता शकील अहमद 15 वर्ष, अलकिया 18 वर्ष सभी निवासी रददी चौकी सगुसा परवीन पति अंसार अहमद 30 वर्ष निवासी गाजीनगर गोहलपुर समेत अन्य को चोटें आई है।

फोरव्हीलर ने कुचला, एक की मौत, दो घायल

पाटन थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार फोर व्हीलर ने मोटरसाइकिल को कुचल दिया हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि श्रीमति सुनीता यादव 48 वर्ष निवासी ग्राम सहजपुर ने सूचना दी कि ग्राम कोटखेडा तारादेही रिश्तेदारी में गये थे, वह एवं उसकी देवरानी विमला यादव 45 वर्ष व उनका छोटा बेटा जितेन्द्र यादव तीनों मोटर सायकिल से कोटखेडा से अपने गॉव सहजपुर जा रहे थे जैसे ही नाका न. पाटन में पीपल के पेड के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे अज्ञात 4 पहिया वाहन के चालक ने जितेन्द्र की मोटर सायकिल में टक्कर मार दी तीनो गिर पडे, उसे हाथ एवं देवरानी विमला को सिर मे चोट आ गयी, जितेन्द्र की सिर हाथ पैर में चोटे आने से मौके पर ही मौत हो गयी ।

इंदौर की घटना को लेकर कांग्रेस ने की मंत्री के इस्तीफे की मांग

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) और पूर्व प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी के कारण 14 लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने नगर निगम और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों की लापरवाही को गंभीर बताया। टीकाराम कोष्टा, अलीम मंसूरी, डॉक्टर मोइन अंसारी, संजू ठाकुर, विजय अग्रवाल, अशोक यादव, रामदास यादव, मामूर गुड्डू, अशोक चौधरी, पवन नामदेव, संजू शर्मा, धर्मेंद्र कुशवाहा और रविंद्र कुशवाहा ने मंत्री और जिम्मेदार अधिकारियों से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि ट्रिपल इंजन सरकार के दावों के बावजूद आम जनता की परेशानी पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57